BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# पूर्ण समुदायों का निर्माण हो रहा है। सिटी की जमीन का रूपांतर हो रहा है।

***कैनेडी रोड साउथ, हाईवेज 410 और 407 की भविष्य की जगह के बारे में अपनी राय दें***

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (2 फरवरी, 2023) – आज से शुरूआत करते हुए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कैनेडी रोड साउथ, हाईवेज 410 और 407 (Kennedy Rd. S, Highways 410 & 407) पर स्थित सिटी लैंड्स (City Lands) के भविष्य के बारे में, निवासियों, कारोबारियों और लोकल स्टेकहोल्डरों का फीडबैक लेने के लिए कम्युनिटी की भागीदारी शुरू कर रही है।

सिटी के 2040 विजन (2040 Vision) में, 'अपटाउन ब्रैम्पटन' ('Uptown Brampton') के ईस्ट एंकर के तौर पर पहचानी गई और सिटी के स्वामित्व वाली इस 45.3-हेक्टेयर (112 एकड़) जगह में, इस क्षेत्र को रीजनल ठिकाने के तौर पर आगे बढ़ाने की परिवर्तनकारी क्षमता है।

2019 के तकनीकी विशलेषण में रणनीतिक अवसर की पहचान की गई, जिसमें इस विशाल, विकास योग्य सीमा (पहले इसे "सी.ए.ए. लैंड्स" ("CAA Lands") कहा जाता था) को, अधिक आबादी वाली रिहायश, कारोबार, घूमने की जगह और टूरिज्म के लिए बड़े ट्रांज़िट-अनुकूलित अवसरों के साथ, स्पोर्ट्स कंप्लेक्स से, एक नए शहरी केंद्र में बदलना शामिल था।

इसमें, यह क्षेत्र, सी.ए.ए. (CAA) स्पोर्ट्स और मनोरंजन फैसिलिटी (पहले इसे पावरेड सेंटर (Powerade Centre) कहा जाता था।) की जगह है। जमीनों का पुनर्विकास, "कंप्लीट कम्युनिटीज" बनाने के लिए प्रोजेक्टों को आगे बढ़ाने के सिटी के दृष्टिकोण के मुताबिक है।

सिटी, इच्छुक पक्षों के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरस्ट (ई.ओ.आई.) (Expression of Interest) (EOI) की शुरूआत कर रही है, जिसके अंतर्गत जमीनों को शानदार शहरी क्षेत्र और चलने योग्य नेबरहुड में विकसित करने के लिए व्यापक योजनाएं पेश करना है, जिसमें बिल्कुल आधुनिक, मल्टी-पर्पज क्रिकेट फैसिलिटी शामिल है।

**एक्सप्रेशन ऑफ इंटरस्ट की समय सीमा**

- तिमाही1 (Q1) 2023 – पब्लिक एक्सप्रेशन ऑफ इंटरस्ट (Publish Expression Of Interest)
- तिमाही2 (Q2) 2023 – एक्सप्रेशन ऑफ इंटरस्ट का विशलेषण करना (Evaluate Expression of Interest)
- तिमाही3 (Q3) 2023 – काउंसिल को रिपोर्ट करना (Report back to Council)

**भागीदारी**

कंप्लीट कम्युनिटीज, निवासियों, कारोबारियों और लोकल ग्रुपों पर विचार करती हैं, जिनके लिए ये काम करती हैं।

ब्रैम्पटन के निवासी, क्षेत्र के लिए योजनाओं में क्या शामिल किया देखना चाहते हैं? हमारा फैसला लेने में आपकी राय महत्वपूर्ण है। सर्वेक्षण, 28 फरवरी, 2023 तक जनता के फीडबैक के लिए खुला है। ऑनलाइन अपने विचार पेश करें और अपनी राय दें (Submit your ideas online and have your say)।

**हवाले**

"सिटी के स्वामित्व वाली इस जगह को विकसित करने की संभावना, बहुत ही रोमांचक है और मैं ब्रैम्पटन के सभी निवासियों को सलाह देता हूं कि इस बेजोड़ प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्राप्त करें और इस बारे में अपनी राय दें कि हम कैसे आगे बढ़ें। यह वर्चुअल तौर पर काम करने के लिए खाली स्लेट है और संभावनाएं असीम हैं। हमारे पास कुछ बहुत ही खास करने और सर्वश्रेष्ठ मल्टीपर्पज क्रिकेट फैसिलिटी वाला विरासती प्रोजेक्ट तैयार करने का अवसर है क्योंकि यह सेंटरपीस, आने वाले दशकों के लिए पूरी तरह से चमकने के ब्रैम्पटन के उत्साह के लिए शानदार अवसर है।"

- *पैट्रिक ब्राउन* (Patrick Brown), *मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हमारी कम्युनिटी को इस परिवर्तनकारी अवसर में हिस्सा लेने में सशक्त करना, सिटी लैंड्स प्रोजेक्ट में हमारी मुख्य प्राथमिकताओं में से एक है। निवासियों, कारोबारियों और लोकल स्टेकहोल्डरों को जोड़कर, हम ऐसी कंप्लीट कम्युनिटीज बना सकते हैं, जो स्थिर, जीने योग्य हों और उन लोगों की सही जरूरतों पर विचार करती हों, जिनके लिए वे काम करती हैं।"

- *माइकल प्लेशी* (Michael Palleschi), *रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 2 और 6; चेयर, प्लानिंग एंड डिवेल्पमेंट, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हम, ब्रैम्पटन में इस शानदार रोमांचक अवसर के लिए प्रत्येक दिशा में सुझावों और इच्छुक लोगों की तलाश कर रहे हैं। जब हम सरकार, प्राइवेट सेक्टर, गैर-लाभ संगठनों और अकादमिकों के बीच में साझेदारी देखते हैं – तो हम सहयोग और प्रेरणादायक इनोवेशन देखते हैं, जो हमारे शहर के लिए बेहद शानदार मूल्य प्रदान करता है। मैं, हमारी कम्युनिटी के दृष्टिकोण के बारे में अधिक जानने के लिए उत्साहित हूं और हर किसी को सलाह देता हूं कि बातचीत में हिस्सा लें और अपनी राय दें।"

- *हरकीरत सिंह* (Harkirat Singh), *डिप्टी मेयर और सिटी काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10; वाइस-चेयर, प्लानिंग एंड डिवेल्पमेंट, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन की तीव्र वृद्धि और असीम अवसर के साथ, सिटी यह सुनिश्चित करके इस गति को लगातार कायम रख रही है कि सिटी लैंड्स प्रोजेक्ट जैसे परिवर्तनकारी अवसर, हमारी कम्युनिटी की जरूरतों, इच्छाओं और उत्साह पर ध्यान देते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया के दौरान, निवासियों, कारोबारियों, बिल्डरों और लोकल संगठनों के साथ जुड़ने पर हमारा पूरा ध्यान केंद्रित है कि हम स्थिरता से विकास कर रहे हैं, टैक्सपेयर के लिए मूल्य को सुनिश्चित कर रहे हैं और ब्रैम्पटन में बढ़िया किस्म की ज़िंदगी में वृद्धि कर रहे हैं।"

- *मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca